श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर (म.प्र.)

(Approved By Government of Madhya Pradesh & UGC)

क्रमांक/गोप0/2022/2216 | छतरपुर, दिनांक : 14/10/2022

अधिसूचना

विश्वविद्यालय के सत्र 2022-23 में स्नातक/स्नातकोत्तर एवं अन्य पाठ्यक्रमों में नवीन प्रवेशित समस्त छात्र/छात्राओं के विश्वविद्यालय अध्यादेश क्रमांक 02 के अनुसार विश्वविद्यालय में नामांकित होना आवश्यक है, तभी वह छात्र परीक्षा में शामिल हो सकेंगे।

अतः समस्त छात्र/छात्राओं के नामांकन फार्म विश्वविद्यालय की बेवसाइट **https://www.skuindia.ac.in** के माध्यम से ऑनलाइन भरने एवं नामांकन फार्म की हार्डकॉपी (समस्त वांछित दस्तावेजों को संलग्न कर) संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष से प्रमाणित करवाकर विश्वविद्यालय की नामांकन शाखा में जमा करने की तिथियां निम्नानुसार घोषित की जातीं हैं :-

नामांकन फार्म भरने/जमा करने हेतु निर्धारित तिथियां

क्रं.	विवरण	निर्धारित तिथियां
1.	नामांकन हेतु सामान्य शुल्क रूपये 500/- एवं मध्यप्रदेश के बाहर स्थित बोर्ड/विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण कर आने वाले छात्र/छात्राओं हेतु सामान्य शुल्क 500/- रूपये + अप्रवासन (इमीग्रेशन शुल्क) 500/- रूपये कुल 1000/- रूपये के साथ ऑनलाइन नामांकन फार्म भरने तिथि	**दिनांक 15/10/2022 से 30/10/2022 तक**
2.	छात्रों द्वारा संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष से प्रमाणित/अग्रेषित कराकर नामांकन शाखा में जमा करने की अंतिम तिथि	**दिनांक 31/10/2022 तक**
3.	**विलम्ब शुल्क रूपये 200/-** के साथ ऑनलाइन नामांकन फार्म भरने एवं नामांकन फार्म की हार्डकॉपी संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष से प्रमाणित/अग्रेषित कराकर नामांकन शाखा में जमा करने की अंतिम तिथि	**दिनांक 31/10/2022 से 05/11/2022 तक**

नामांकन हेतु आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी के साथ सलंग्न किये जाने वाले दस्तावेज/अभिलेखों की सूची -

1. अर्हकारी उत्तीर्ण परीक्षा की अंकसूची की सत्यापित छायाप्रति।
2. जन्मतिथि सत्यापन हेतु हाई स्कूल परीक्षा की सत्यापित अंकसूची।
3. मूल माइग्रेशन/प्रवजन प्रमाण पत्र।
4. विद्यार्थी का स्थाई निवास प्रमाण-पत्र की छायाप्रति।
5. जाति प्रमाण-पत्र की सत्यापित छायाप्रति। (केवल आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों हेतु)
6. प्रवेश शुल्क/रजिस्ट्रेशन शुल्क रसीद की छायाप्रति।

आवेदन पत्र के साथ उपरोक्त वांछित दस्तावेज/प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है, अपूर्ण आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होगा।

विद्यार्थियों हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश :-

1. विद्यार्थी अपना ऑनलाइन नामांकन फार्म भरने हेतु विश्वविद्यालय की बेवसाइट **https://www.skuindia.ac.in** पर जाकर ऑनलाइन नामांकन फार्म को भरकर निर्धारित शुल्क का भुगतान करें।
2. समस्त छात्र-छात्राऐं ऑनलाइन भरे गये नामांकन फार्म की हार्डकॉपी के साथ आवश्यक दस्तावेज/प्रमाण-पत्र संलग्न कर अपने संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष से प्रमाणित/अग्रेषित कराकर विश्वविद्यालय की नामांकन शाखा में निर्धारित तिथियों में जमा करेंगे।
3. सत्र 2022-23 में समस्त नवीन प्रवेशित छात्र-छात्राओं को नामांकन फार्म भरना अनिवार्य है। नामांकन फार्म न भरने के आभाव में आपको प्रथम सेमेस्टर/प्रथम वर्ष का परीक्षा फार्म भरने की अनुमति नही होगी।
4. ऑनलाइन नामांकन फार्म भरने संबंधी एवं अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी एवं तकनीकी सहायता हेतु मो0 नं0 **62621-80909** पर कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन क्रमांक/गोप0/2022/2216-A **छतरपुर, दिनांक : 14/10/2022**

प्रतिलिपि :-

1. माननीय कुलाधिपति महोदय के निज सचिव, श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर
2. माननीय कुलपति महोदय के निज सचिव, श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर
3. माननीय उपकुलपति महोदय के निज सचिव, श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर
4. कुलसचिव निजी सहायक, श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर
5. उपकुलसचिव, परीक्षा शाखा/गोपनीय शाखा/अकादमिक शाखा, श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर
6. बेवसाइट प्रभारी, श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर, को इस आशय के साथ कि कृपया उक्त नामांकन अधिसूचना को विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर अपलोड करने की कार्यवाही करें।
7. विश्वविद्यालय के समस्त विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष को इस आशय के साथ कि कृपया अपने विभाग में नवीन प्रवेशित समस्त विद्यार्थियों का नामांकन कराना सुनिश्चित करें तथा नामांकन आवेदन पत्रों का सूक्ष्म परीक्षण कर (जैसे - नाम, जन्मतिथि, पिता का नाम, माता का नाम एवं संलग्न दस्तावेज - माइग्रेशन, टी.सी.) अग्रेषित करें।
8. प्रभारी, नामांकन शाखा, श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर
9. प्रभारी, आई.टी. सेल, श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर की ओर सूचनार्थ एवं निर्धारित तिथियों से ऑनलाइन नामांकन फार्म भरने के लिए बेवसाइट पर लिंक उपलब्ध करावाने एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
10. प्रभारी, वित्त विभाग, श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर
11. समस्त संबंधित छात्र-छात्राओं की ओर सूचनार्थ।
12. विश्वविद्यालय नोटिस बोर्ड।

उपकुलसचिव (परीक्षा)